दिनांक : 20.09.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज महाराष्ट्र के वर्धा में पीएम विश्वकर्मा योजना के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री मोदी इस अवसर पर कहा कि आज का दिन इसलिए भी खास है क्योंकि 1932 में आज के ही दिन महात्मा गांधी ने अस्पृश्यता के खिलाफ अभियान शुरू किया था। ऐसे में विश्वकर्मा योजना के 1 साल पूर्ण होने का ये उत्सव प्रेरणा का ऐसा संगम है जो विकसित भारत के हमारे संकल्पों को नई ऊर्जा देगा। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा योजना भारत के हजारों वर्ष पुराने कौशल को विकसित भारत के लिए इस्तेमाल करने का एक रोडमैप है। प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के अमरावती में पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (PM MITRA) पार्क की आधारशिला भी रखी।

निवेश सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज कोलकाता में इन्वेस्टर समिट का शुभारंभ किया। इस अवसपर आयोजित इंटरेक्टीव सेशन में प्रमुख उद्योगपति और जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के पूर्व मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर इन्वेस्टर समिट का आयोजन निरंतर जारी है। देश के विभिन्न भागों में हो रही इन्वेस्टर समिट से उद्योगपतियों और निवेशकों से संवाद, उनकी समस्याओं के समाधान और औद्योगिक गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी उनसे साझा करने का अवसर मिलता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि क्षेत्रीय स्तर पर जारी इन्वेस्टर समिट के आगामी क्रम में 27 सितंबर को सागर में समिट का आयोजन होगा।

मोदी सरकार 100 दिन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे हो चुके है। इस अवधि में सरकार ने गरीब, किसान, युवा और कर्मचारियों के लिए कई कल्याणकारी कदम उठाए हैं। खासकर सरकार द्वारा युवाओ के लिये कई लाभकारी योजनाओं की शुरुआत की गई है। ग्वालियर की राहुल शर्मा का मानना है कि मोदी सरकार द्वारा स्टार्टअप और स्कॉलशिप जैसी कई योजनाएं उनकी स्किल को बढाने में सहायक सिद्ध हो रही है।

राष्ट्रीय पोषण माह

राष्ट्रीय पोषण माह व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आगरमालवा जिले के महिला एवं बाल विकास परियोजना बड़ौद द्वारा आज पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बीआरसी भवन मेला ग्राउंड में हुए आयोजन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर में बने पौष्टिक व्यंजन की जानकारी एक दूसरे से साझा की गई एवं यह संदेश दिया गया कि पौष्टिक व्यंजन बनाने के लिए किसी महंगे सामान की आवश्यकता नहीं है। यह व्यंजन आयरन प्रोटीन एवं कैलोरी से भरपूर होते हैं जो गर्भवती महिलाओं बच्चों किशोरी बालिकाओं के लिए बहुत आवश्यक है । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया।

स्वच्छता संवाद कार्यक्रम हुआ

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत प्रदेश मेंजनजागरुकता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज ग्वालियर में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) कार्यालय में "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के हुए कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर व पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल भी मौजूद थे। इस अवसर पर श्री सिंधिया ने कहा कि माँ भारती के प्रति सेवा भाव के साथ सभी लोग "स्वच्छता ही

सेवा" अभियान में सहभागी बनें। "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत कार्यालय परिसर में आम, जामुन व अमरूद के पौधे भी रोपे।

आज आजीविका भवन आगरमालवा में जिला पंचायत अध्यक्ष के मुख्य अतिथ्य में स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 47 ग्रामों की महिलाओं ने भागीदारी की। खंडवा में नगर निगम द्वारा एक विशाल मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। नगर में प्रभु प्रेम पुरम महिला मंडल के सहयोग से श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही 3आर (Reduce, Reuse, Recycle) रथ के माध्यम से रहवासियों ने उपयोगी वस्त्रों का वितरण किया। जिला चिकित्सालय खंडवा में रंगोली बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया । छिन्दवाड़ा के विकासखंड जुन्नारदेव में गत दिवस मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम मनकुघाटी में रैली, शपथ, श्रमदान आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया।

नड्डा - खाद्य शिखर सम्मेलन

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने खाद्य सुरक्षा प्रणालियों में सुधार के लिए निरंतर सहयोग, नवाचार और प्रतिबद्धताओं का आह्वान किया है। आज नई दिल्ली में वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि तेजी से हो रहे वैश्वीकरण, तकनीकी प्रगति और बढ़ती उपभोक्ता प्राथमिकताएं खाद्य प्रणालियों को नया रूप दे रही हैं। उन्होंने बढ़ते खाद्य उत्पादन, उपभोग के रुझान और वैश्विक व्यापार के अनुरूप खाद्य मानक तैयार करने में स्वास्थ्य मंत्रालय और भारतीय खाद्य संरक्षा तथा मानक प्राधिकरण-एफ.एस.एस.ए.आई. की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भोजन में कीटनाशकों के अवशेष मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि जैविक खेती और वैकल्पिक कीट नियंत्रण विधियों को बढ़ावा देने के भारत प्रयास कर रहा है लेकिन वैश्विक स्तर पर भी ऐसे प्रयासों की जरूरत है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह गुना में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंगों के वितरण के आयोजित शिविर में शामिल हुए।
- शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान धार में प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन आज शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था धार में लगाया गया है।